Uttarakhand CAMPA

# कार्यालय
# मुख्य कार्यकारी अधिकारी
## उत्तराखण्ड CAMPA

**वन भवन, 85 राजपुर रोड़, देहरादून, दूरभाष/फैक्स:0135–2744077**
**Email:ceocampa-forest-uk@nic.in, website :www.ukcampa.org.in**

---

पत्रांकः– 309 /3-2 बजट (NPV)/26-27 दिनांक 27 अगस्त, 2026

सेवा में,

समस्त सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक/उपनिदेशक तथा
क्रियान्वयन अभिकरण, उत्तराखण्ड कैम्पा।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2026–27 में वन विभाग के अनुदान संख्या–27 की राज्य प्रतिपूरक वनीकरण जमा योजना के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2406–04–103–03–04 वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य" (NPV) योजना में आवंटित किये गये ₹ **476.20 लाख** की धनराशि के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश द्व

संदर्भः– वित्त नियंत्रक वन विभाग, उत्तराखण्ड का पत्रांक नि0–194/3–5 दिनांक 27 अगस्त, 2026।

महोदय,

विषयक प्रकरण में उपरोक्त संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संदर्भित पत्र से वर्ष 2026–27 में अनुदान संख्या–27 की राज्य प्रतिपूरक वनीकरण योजना के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2406–04–103–03–04 वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य" (NPV) योजना के मानक मद–42 अन्य विभागीय व्यय के अंतर्गत ₹ **476.20** लाख की धनराशि पत्र में उल्लिखित शर्तों एंव प्रतिबन्धों के साथ आवंटित की गई है। *बजट आवंटन से सम्बन्धित पत्र की प्रति कैम्पा वेबसाईड* www.ukcampa.org.in *पर fund released section में भी अपलोड है।*

***प्रश्नगत योजनान्तर्गत प्रभाग द्वारा आवंटित धनराशि के उपयोग में निम्न दिशा निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए।***

1. वर्ष 2026–27 हेतु परिवेश पोर्टल पर प्रभाग द्वारा Digital APO में प्रस्तावित किये गये भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के सापेक्ष राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार द्वारा अपने पत्रांक–NA-5/1/2020-NA दिनांक 07.07.2026 **(छायाप्रति संलग्न)** द्वारा प्रथम चरण में Work ID अनुसार प्रभाग के भौतिक एंव वित्तीय लक्ष्य स्वीकृत किये गये है। अतः प्रभाग द्वारा उक्त आवंटित धनराशि के सापेक्ष उन्ही भौतिक एंव वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति की जायेगी जिनकी Work ID राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा स्वीकृत की गई है (Work ID व आवंटित धनराशि की प्रति संलग्नक–क)।
2. राष्ट्रीय कैम्पा के पत्र NA-15/4/2020-NA दिनांक 24.07.2026 व शासकीय पत्रांक–418674/X-2-2026-12(31) 2025-E-87865-1263 दिनांक 31.07.2026 **(छायाप्रति संलग्न)** में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का पूर्णतः पालन किया जाए।
3. उक्त धनराशि का व्यय, भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्रों में उल्लिखित सभी दिशा–निर्देशों/शर्तों के अनुसार किया जायेगा। साथ ही निर्माण कार्यों हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदित दर अनुसूची आधार के पर अनुमन्य मानकों अनुसार गठित आगणन व उस पर सक्षम स्तर से निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्राविधिक, तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासकीय पूर्व अनुमोदन अवश्य प्राप्त कर लिया जाये।
4. कैम्पा के कार्यो में किसी भी प्रकार की Dovetailing स्वीकार्य नहीं होगी।
5. अवमुक्त की गई धनराशि का व्यय के संबंध में आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–1 (वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन), वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 (लेखा नियम), वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–7 (वन लेखा नियम), बजट मैनुअल, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 शासकीय पत्र संख्या 47/XXVII(7)32(1)/2025 दिनांक 13 अगस्त 2025 (समय–समय पर यथासंशोधित), वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–287566/E-79713/(150)2019/XXVII(1)/2025, दिनांक 31.03.2025 तथा अन्य सुसंगत नियमों, शासनादेशों व समय–समय पर जारी समस्त संगत शासनादेशों/वित्तीय नियमों आदि का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
6. कैम्पा के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का मासिक लेखा (E-7) व मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक अनुवर्ती माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप पर गतिविधि का पूर्ण उल्लेख करते हुए उत्तराखण्ड कैम्पा कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए।
7. कैम्पा निधि के अन्तर्गत समस्त कार्यों में स्थल पर अनिवार्य रूप से सुस्पष्ट साईनेज स्थापित किया जाये, जिसमें "उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा वित्तपोषित", कार्य का नाम, वर्ष, स्थल का नाम, लागत, कार्य प्रभारी का नाम व अन्य सुसंसगत विवरण अंकित हो।
8. अवमुक्त धनराशि का उपयोग प्रभाग की स्वीकृत कार्ययोजना/प्रबंध योजना एवं वार्षिक कार्ययोजना के उपरोक्त स्वीकृत मदों में किया जाय।
9. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972, वन संरक्षण अधिनियम,1980 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्राविधानों का अनुपालन किया जाय।
10. प्रस्तावित कार्यों का विधिवत Documentation किया जाए, जिसमें कार्य कराये जाने से पूर्व व कार्य कराये जाने के उपरांत लिया गया फोटोग्राफ, अल्पावधि के वीडियो क्लिप, जहां संभव हो वहां का ड्रोन शॉट व कार्य के सामाजिक–आर्थिक (Socio- Economic) प्रभाव सम्मिलित हों।

11. कार्यों का क्रियान्वयन उच्च गुणवत्ता से समयान्तर्गत सम्पादित किया जाय।

12. पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन संरक्षण प्रभाग), नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 10 अगस्त, 2018 के नियम (5) के बिन्दु संख्या (4) के उपनियम (1) में निर्दिष्ट रकम का उपयोग उपनियम में उल्लिखित कार्यकलापों के लिए नहीं किया जाए।

13. सभी स्थलीय कार्यों (Field Activities) की ई–ग्रीन वॉच पोर्टल पर प्रविष्टि के उपरांत ही सम्बन्धित व्यय के वाउचर लेखाबद्ध किये जायें।

14. भारत सरकार द्वारा अधिसूचित *'प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम–2016'* के अंतर्गत निर्गत *प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि नियमावली– 2018'* में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार ही अवमुक्त धनराशि का उपयोग किया जाय।

उक्त के अतिरिक्त नियम 5(3) के अन्तिम प्रस्तर में निर्दिष्ट निम्न नियम का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए–

*'प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि नियमावली– 2018' के नियम 5 के उपनियम (2) और (3) मे निर्दिष्ट कार्यकलाप राज्य सरकार के वन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में वन भूमि पर किये जाते हैं, तो उक्त कार्यकलापों को कार्यपालक स्कीम के अनुसार किये जायेंगे; और परन्तु यह कि राज्य सरकार के राज्य वन विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यपालक स्कीम के अनुसार वन भूमि पर उक्त कार्यकलाप ग्राम सभा या ग्राम वन प्रबन्धन समिति यथा स्थिति,के परामर्श से किये जायेंगे और अनुसूचित जनजाति और अन्य पारम्परिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के उपबन्धो और इसके अन्तर्गत जारी दिशानिर्देशों, जहां कहीं लागू हो, के अनुरूप होंगे।*

*परन्तु यह भी कि यदि किसी मामले में उक्त कार्यकलाप उन क्षेत्रो में किये जाते हैं, जो अनुमोदित कार्य स्कीम द्वारा शामिल नहीं किये जाते हैं तब उप नियम (2) और (3) में अल्लिखित कार्यकलाप संबंधित ग्राम सभा या ग्राम वन प्रबन्धन समिति अथवा उस क्षेत्र पर अधिकार रखने वाले किसी प्राधिकरण के परामर्श से किया जायेगा और वे अनुसूचित जातियों और अन्य पारम्परिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के उपबन्धों और इसके अधीन जारी किये गये दिशानिर्देशों के अधीन जहां भी लागू हो, के अनुरूप होंगे।*

15. समस्त कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्राप्ति की वाउचर आधारित पूर्ण व सुस्पष्ट प्रविष्टि कैम्पा की MIS व परिवेश पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाये, जिसमें अक्षांश व देशांतर (latitude & longitude), प्रासंगिक डाटा, सूचना, मानचित्र, KML फाइल व संपादित कार्यों के फोटोग्राफ्स (कार्य से पूर्व व कार्य पूर्ण होने के उपरांत) आदि सम्मिलित हों। इस प्रकार वाउचर आधारित प्रविष्टि MIS व मासिक लेखा (Classified) में समान होनी चाहिए।

16. कार्य को करायें जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि संबंधित कार्य अन्य विभागीय योजनाओं में पूर्व से न कराया गया हो। स्वीकृत कार्ययोजना व संबंधित मद की स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में नहीं किया जाय और अतिरिक्त धनराशि/प्राविधान की प्रत्याशा में कोई व्यय भार/दायित्व सृजित न किया जाय, अन्यथा की स्थिति में संबंधित क्रियान्वयन अभिकरण स्वयं उत्तरदायी होंगे।

17. संपादित किये जाने वाले कार्यों में श्रम विभाग द्वारा समय–समय पर न्यूनतम मजदूरी दरों के सम्बन्ध में जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

18. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरणों में सक्षम स्तर से अन्तिम स्वीकृति प्राप्त होने से पूर्व किसी भी दशा में क्षतिपूरक वनीरकण, IWLMP एवं मृदा जल सरंक्षण आदि कार्य न किया जाए।

उक्त पत्र मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड कैम्पा महोदय द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जारी किया जा रहा है।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

(नवीन भटट)
उप निदेशक (सां0)
उत्तराखण्ड कैम्पा।

पत्रांकः– 309 (1) /3-2 बजट (NPV)/ 26-27 दिनांकित

**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पौड़ी।
2. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊ, उत्तराखण्ड, नैनीताल।
3. मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण, मूल्यांकन आई0टी0 एवं आधुनिकीकरण, उत्तराखण्ड देहरादून।
4. समस्त सम्बन्धित वन संरक्षक/निदेशक, उत्तराखण्ड।

**संलग्नक–यथोपरि।**

(हस्ताक्षर)
उप निदेशक (सां0)
उत्तराखण्ड कैम्पा।

पत्रांकः– 309 (2) /3-2 बजट (NPV)/ 26-27 दिनांकित

**प्रतिलिपिः**–अपर वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
उप निदेशक (सां0)
उत्तराखण्ड कैम्पा।

# संलग्नक—क

## वित्तीय वर्ष 2026—27 में एन0पी0वी की आर0डी0एफ0 गतिविधि में वित्त नियंत्रक की पत्र संख्या—194/3—5 दिनांक 27 अगस्त, 2026 से आवंटित धनराशि के सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

(धनराशि रू लाख में)

Activity : **Restoration of degraded forest land (RDF)**

| प्रभाग का नाम | भौतिक | आवंटित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| PITHORAGARH DIVISION | राष्ट्रीय कैम्पा भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में Work Id के अनुसार स्वीकृत विविध कार्य सम्पादित किये जाने हैं। संलग्नक—ख | 108.04 |
| NARENDRA NAGAR DIVISION | | 73.88 |
| TEHRI DIVISION | | 76.15 |
| BADRINATH DIVISION | | 0.62 |
| GARHWAL DIVISION | | 56.00 |
| RUDRAPRAYAG DIVISION | | 12.57 |
| LANSDOWNE DIVISION | | 78.72 |
| DEHRADUN DIVISION | | 60.33 |
| UPPER YAMUNA DIVISION | | 0.25 |
| CHAKRATA DIVISION | | 9.64 |
| **Total** | | **476.20** |

उप निदेशक (सां0)
उत्तराखण्ड कैम्पा

वित्तीय वर्ष 2026–27 में एन0पी0वी योजना के अंतर्गत आर0डी0एफ0 गतिविधि हेतु प्रभाग द्वारा डिजिटल ए0पी0ओ0 में की गई प्रविष्टि के सापेक्ष राष्ट्रीय कैम्पा भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में प्रभाग की वर्क आई.डी. अनुसार अनुमोदित किये गये भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यः—

| DIVISION | UNIT | ACTIVITY | Work ID | Work | Work Type | Range | Physical | Proposed Financial |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Upper Yamuna,Barkot D | Number | Post-plantation | FC/CP/W/273867/2025 | Any other relevant activity | Collection of seeds through local women for making seed balls and dispersal of seed balls in degraded forest | Mugarsanti | 50 | 25000 |
| Chakrata Division | Number | Plantation | FC/CP/W/279830/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | PLANTING | . | 6500 | 259000 |
| Chakrata Division | Number | Plantation | FC/CP/W/279830/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | OTHERS WORKS | . | 1 | 400000 |
| Chakrata Division | Number | Plantation | FC/CP/W/279830/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | BOUNDARY PILLAR REPAIR | . | 12 | 120000 |
| Chakrata Division | Kgs/MTs | Plantation | FC/CP/W/279830/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | SEED COLLECTION | . | 100 | 185000 |
| Pithoragarh Division | Number | Plantation | FC/CP/W/3977777/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | RDF | munsyari, pithorgarh | 45 | 10804000 |
| Rudraprayag Division | Number | Other | FC/CP/W/280394/2025 | दिक्षिणी जखोली रेंज के अन्तर्गत जवाड़ी लैंडस्केप में आर0डी0एफ0 योजना के तहत ANR Mantinance I year (1.01 Lakh), Collection of local seed (0.10 Lakh), Collection of Plant Pricks and their Planting local seed (0.05 Lakh), Seed Sowing through dibbling (0.05 Lakh), 1 Year लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को जड़ से उखाड़ना तथा लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को क्षेत्र से बाहर नष्ट करना (गड्ढे में दबाकर अथवा जलाकर) एवं घास रोपण कार्य (10 Ha) (1.62 Lakh), 2 Year लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को जड़ से उखाड़ना तथा लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को क्षेत्र से बाहर नष्ट करना (गड्ढे में दबाकर अथवा जलाकर) लगभग 33 प्रतिशत एवं घास रोपण कार्य (20.00 Ha) (1.06 Lakh), 3 Year लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को जड़ से उखाड़ना तथा लैन्टाना/कालाबांसा/गाजरघास झाड़ी को क्षेत्र से बाहर नष्ट करना (गड्ढे में दबाकर अथवा जलाकर) लगभग 10 प्रतिशत एवं घास रोपण कार्य (15.0 Ha) (0.24 Lakh), b. contour trenches 5NO (1.77 Lakh), c. percolation pits 200No (0.37 Lakh), d. vegetative check dams 15 No (0.68 Lakh), e. Dry stone Check-Dam 10No (2.50), g. Water hole 2No (0.60 Lakh), a. Village level meetings (0.50 Lakh), b. Capacity building of villagers for additional livelihood (such as Handicrafts and Artifacts from Ringal and Pirul, pirul collection, cultivation of medicinal plants etc.) (1.00 Lakh), Use of GIS/MIS Technology for Monitoring and evaluation (1.0 Lakh) | | South Jakholi | 1 | 1257000 |
| Narendranagar,Munikir | Number | Other | FC/CP/W/395163/2026 | Any other relevant activities (Please specify) | RDF | Maniknath | 1 | 7388000 |
| Badrinath,Gopeshwar D | Number | Other | FC/CP/W/281476/2025 | Any other relevant activity | RDF-Seeds Collection and sowing and Prick Planting | Badrinath,Gopeshwar Division | 62 | 62000 |
| Garhwal,Pauri Division | Number | Other | FC/CP/W/285075/2025 | Creation/Erection | Assisted Natural Regeneration - ANR Plantation, ANR Maintenance | Pauri Range, Pokhra Range, Deeva Range Dhumakot | 1 | 2090000 |

| DIVISION | UNIT | ACTIVITY | Work ID | Work | Work Type | Range | Physical | Proposed Financial |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Garhwal,Paurı Division | Number | Other | FC/CP/W/285075/2025 | Creation/Erection | Innovative Work - Hiring of Vehicle for Frontline Staff, Awareness Programs, Signages, Hoardings, Publicity Material, Gashti | Pauri Range, Pokhra Range, Deeva Range Dhumakot | 1 | 1050000 |
| Garhwal,Paur Division | Number | Other | FC/CP/W/285075/2025 | Not applicable | Administrative and Monitoring Cost + Contingency Cost | Pauri Range, Pokhra Range, Deeva Range Dhumakot | 1 | 277000 |
| Garhwal,Paur Division | Number | Other | FC/CP/W/285075/2025 | Creation/Erection | Water Conservation Works - Percolation Pits, Chal Khal, Water holes for Wildlife, Contour Trenches, Check Dam, Side | Pauri Range, Pokhra Range, Deeva Range Dhumakot | 1 | 2183000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | COLLECTION OF PLANT PRICKS AND THEIR PLANTING | LALDHANG AND KOTDWAR | 1 | 350000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | COLLECTION OF LOCAL SEEDS | LALDHANG AND KOTDWAR | 40 | 132000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | PUBLIC PARTICIPATION(AWARENESS CAMPS) | LALDHANG AND KOTDWAR | 1 | 600000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | WATER CONSERVATION WORKS(STABILIZATION OF STREAMS | LALDHANG AND KOTDWAR | 150 | 300000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | WATER CONSERVATION WORKS(CREATION OF WATER HOLE) | LALDHANG AND KOTDWAR | 1 | 482000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | WATER CONSERVATION WORKS(REPAIR OF WATER HOLE) | LALDHANG AND KOTDWAR | 1 | 275000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | WATER CONSERVATION WORKS(TRENCHES) | LALDHANG AND KOTDWAR | 20 | 315000 |
| Lansdowne Division | Number | Other | FC/CP/W/289043/2025 | Any other relevant activity | INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT(DEPLOYEMENT OF BOREWELL WITH SOLAR MOTOR) | LALDHANG AND KOTDWAR | 1 | 1000000 |
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 3. Post Plantation Works( Weeding and Soil Working, Tending and Cultural Operations, Watering, Maintenance of Fire Line) | WEED ERADICATION WORK | LALDHANG AND KOTDWAR | 15 | 683000 |
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 1. Site Preparation/Pre-Plantation Activity( Demarcation, Fencing, Essential Infrastructure, Watering Arrangements, Soil Moisture Conservation Work, Removal of Invasive Species, Digging of Pits, Fire line Creation/Maintenance) | RDF ANR ASW | LALDHANG AND KOTDWAR | 10 | 1752000 |
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 2. Plantation Work( Planting of Saplings) | ANR PLANTATION | LALDHANG AND KOTDWAR | 20 | 791000 |

| DIVISION | UNIT | ACTIVITY | Work ID | Work | Work Type | Range | Physical | Proposed Financial |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 3. Post Plantation Works( Weeding and Soil Working, Tending and Cultural Operations, Watering, Maintenance of Fire Line) | LOCAL SEED SOWING/PLANTING WITH MAINTENANCE | LALDHANG AND KOTDWAR | 15 | 582000 |
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 3. Post Plantation Works( Weeding and Soil Working, Tending and Cultural Operations, Watering, Maintenance of Fire Line) | LOCAL SEED SOWING/PLANTING WITH MAINTENANCE | LALDHANG AND KOTDWAR | 30 | 145000 |
| Lansdowne Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/289043/2025 | 3. Post Plantation Works( Weeding and Soil Working, Tending and Cultural Operations, Watering, Maintenance of Fire Line) | ANR PLANTATION MAINTENANCE | LALDHANG AND KOTDWAR | 20 | 465000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Weeding, Tending and Cultural operations | Maintenance Work | Paukhal | 10 | 284000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Number | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Any other relevant activities (Please specify) | Other SMC Work-Gully Plug ,RR Dry Checkdem, Cratewire CD, Contour Trenches, Chal-khal, Lantana and Kalabasa Removal- 100 ha and other relevant activities | Paukhal | 20 | 3469000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Soil working | ASW Gholdani Comp. 4 | Paukhal | 10 | 1647000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Weeding, Tending and Cultural operations | Maintenance Work | Paukhal | 10 | 284000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Soil working | ASW Gholdani Comp. 5 | Paukhal | 10 | 1647000 |
| Tehri,New Tehri Divisio | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/393439/2026 | Weeding, Tending and Cultural operations | Maintenance Work | Paukhal | 10 | 284000 |
| Dehradun Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 12. Plantation Activities (1st to 5th Year)( Transportation of Saplings to the Plantation site, Planting and refilling of pits, Casualty replacement, Watering, Repairing of SMC works as per requirement, Pruning of Tree species to boost up growth, Maintenance of fire lines, Weeding, Tending operations, | ANR | Thano | 10 | 192000 |
| Dehradun Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 12. Plantation Activities (1st to 5th Year)( Transportation of Saplings to the Plantation site, Planting and refilling of pits, Casualty replacement, Watering, Repairing of SMC works as per requirement, Pruning of Tree species to boost up growth, Maintenance of fire lines, Weeding, Tending operations, | NAR | Thano | 5 | 96000 |
| Dehradun Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 12. Plantation Activities (1st to 5th Year)( Transportation of Saplings to the Plantation site, Planting and refilling of pits, Casualty replacement, Watering, Repairing of SMC works as per requirement, Pruning of Tree species to boost up growth, Maintenance of fire lines, Weeding, Tending operations, | ANR | Thano | 10 | 192000 |
| Dehradun Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 12. Plantation Activities (1st to 5th Year)( Transportation of Saplings to the Plantation site, Planting and refilling of pits, Casualty replacement, Watering, Repairing of SMC works as per requirement, Pruning of Tree species to boost up growth, Maintenance of fire lines, Weeding, Tending operations, | ANR | Thano | 5 | 96000 |
| Dehradun Division | Block (ha.) | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 7. Preparation of Site( Removal of invasive species, Digging of Pits, Application of fertilizer and manure) | Weed Management (Removal of Weeds and sowing /planting of local species | Thano | 30 | 315000 |

| DIVISION | UNIT | ACTIVITY | Work ID | Work | Work Type | Range | Physical | Proposed Financial |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work | Thano | 25 | 250000 |
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work | Thano | 16 | 800000 |
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work | Thano | 25 | 750000 |
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work | Thano | 30 | 600000 |
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work | Thano | 5 | 250000 |
| Dehradun Division | Cubic-Meter | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 8. Soil and Moisture conservation works( Percolation tank, Mini Percolation Tank, Rock Filled Dams, Check dams, Contour Trenches, Staggered contour trenches, Others (Please specify)) | Water conservation work (Contour trench) | Thano | 6000 | 564000 |
| Dehradun Division | Number | Other | FC/CP/W/282641/2025 | Any other relevant activities (Please specify) | Innovating work (Orientation and training ) | Thano | 1 | 100000 |
| Dehradun Division | Number | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 3. Preparation of nurseries( Headquarter (Main) nurseries, Field (Site) Nurseries) | Collection of Local Seeds | Thano | 15000 | 1500000 |
| Dehradun Division | Number | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 3. Preparation of nurseries( Headquarter (Main) nurseries, Field (Site) Nurseries) | Collection of Local Seeds | Thano | 620 | 118000 |
| Dehradun Division | Number | Other | FC/CP/W/282641/2025 | 3. Preparation of nurseries( Headquarter (Main) nurseries, Field (Site) Nurseries) | Seeds sowing through dibling Nahi Block | Thano | 20 | 210000 |
| **Total** | | | | | | | **28973.00** | **47620000** |

संख्याः 194 / 3–5 (कैम्पा–वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य)

प्रेषक,

हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार,
वित्त नियंत्रक
वन विभाग, उत्तराखण्ड।

सेवा में,

समस्त सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी/
प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग, उत्तराखण्ड।

देहरादून दिनांक 21 अगस्त, 2026

विषय :– वित्तीय वर्ष 2026–27 में वन विभाग की अनुदान सं0–27 के लेखाशीर्षक "2406–04–103–03–04–वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य" के अन्तर्गत राज्य प्रतिपूरक वनीकरण जमा परियोजना हेतु शासन से अवमुक्त बजट का आवंटन।

संदर्भ :– शासनादेश संख्या–418674/X-2-2026-12(31)2025-ई-87865-1263 दिनांक 31 जुलाई, 2026 अलॉटमैन्ट आई.डी.–S26070270010 दिनांक 31.07.2026 – आवंटित बजट ₹ 48,69,24,000 (छायाप्रति पूर्व में प्रेषित)।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित शासनादेश द्वारा **अनुदान संख्या–27, लेखाशीर्षक "2406–04–103–03–04–वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य"** के अन्तर्गत प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड के निवर्तन पर रखी गई कुल धनराशि **₹ 48,69,24,000/–(₹ अड़तालीस करोड़ उनहत्तर लाख चौबीस हजार मात्र)** के सापेक्ष विभाग के आहरण वितरण अधिकारियों को पूर्व में अवमुक्त/जारी बजट **₹ 37,79,45,000/–(₹ सैंतीस करोड़ उनासी लाख पैंतालीस हजार मात्र)** के अतिरिक्त विभागाध्यक्ष द्वारा **वर्तमान में** अवमुक्त/जारी किये जाने हेतु अनुमोदित की गयी धनराशि **₹ 4,76,20,000/–(₹ चार करोड़ छिहत्तर लाख बीस हजार मात्र)** को **IFMS पोर्टल** के माध्यम से **ऑन लाईन** विभाग के सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों को निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन अवमुक्त/जारी किया जाता है:–

1. आवंटित की गई धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व उपरिवर्णित शासनादेश में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों का अनिवार्यतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
2. **वित्तीय वर्ष 2026–27 में वर्तमान में अवमुक्त धनराशि का व्यय भारत सरकार के पत्र संख्या–NA-15/4/2020-NA दिनांक 24.07.2026 द्वारा स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष एवं उसी प्रयोजन के लिए किया जाए।**
3. आवंटित धनराशि से अधिक किसी भी दशा में न तो व्यय किया जाए और न ही पुनर्विनियोग व अन्य माध्यम से अतिरिक्त बजट आवंटन की प्रत्याशा में कोई व्यय भार/दायित्व सृजित किया जाए।
4. अवमुक्त की गयी धनराशि के व्यय के सम्बन्ध में आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन नियम), वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 (लेखा नियम), वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–7 (वन लेखा नियम), बजट मैनुअल, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 (समय–समय पर यथासंशोधित), वित्त विभाग के शासनादेश संख्या– I/384289/E-94611/09(150)2019/XXVII(1)/2026, दिनांक 01.04.2026 तथा अन्य सुसंगत नियमों, शासनादेशों आदि का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
5. आवंटित धनराशि व्यय/आहरित किये जाने से पूर्व नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त कर ली जाए।
6. आवंटित की गयी धनराशि के सापेक्ष **अपर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा, देहरादून** द्वारा निर्धारित भौतिक/वित्तीय लक्ष्यों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

7. प्रत्येक माह के मासिक व्यय विवरण/बाउचर्स का रिकन्सिलेशन आई0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर आगामी माह की 05 तारीख तक कर बी0एम0 4 एवं मासिक व्यय विवरण राज्य मुख्यालय (नियोजन एवं वित्तीय प्रबंधन) को उपलब्ध कराया जाए।

**संलग्नक– यथोक्त**

भवदीय,

(हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार)
वित्त नियंत्रक

**संख्याः 194/3–5 (कैम्पा–वन भूमि का निवल वर्तमान मूल्य) तद्‌दिनांकित।**
**प्रतिलिपिः–**

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखण्ड, कौलागढ़ रोड, देहरादून।
2. अपर सचिव, वन अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. अपर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा, देहरादून।
5. अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल एवं कुमाऊँ तथा समस्त सम्बन्धित वन संरक्षकों को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित प्रभागों को आवंटित बजट के वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप एवं नियमानुसार व्यय के संबंध में अपने स्तर पर अनुश्रवण किए जाने का कष्ट करें।
7. **समस्त सम्बन्धित मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी/उप कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड को IFMS पोर्टल से ऑन लाईन आवंटित बजट की प्रति इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त बजट को कोषागार डाटाबेस/मॉड्यूल में फीड किए जाने का कष्ट करें।**
8. मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण, मूल्यांकन, आई.टी.एवं आधुनिकीकरण, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्गत बजट को विभागीय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक– यथोक्त**

(हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार)
वित्त नियंत्रक